भारत सरकार

भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2278

02 अगस्त, 2023 को उत्तर के लिए

इस्पात की खपत में कमी

2278. श्री नरेन्द्र कुमार:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश की इस्पात की खपत में घरेलू उत्पादन का हिस्सा घट रहा है जबकि आयात का हिस्सा बढ़ रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का इस्पात की खपत में आयात के हिस्से को कम करने के लिए सीमा शुल्क में वृद्धि करने का विचार है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) और (ख): विगत 3 वित्त वर्षों के दौरान, देश में इस्पात की खपत में घरेलू उत्पादन और आयात का हिस्सा आमतौर पर समान स्तर पर है। विगत तीन वर्षों के दौरान खपत में आयातों और घरेलू उत्पादन के हिस्से के साथ कुल तैयार इस्पात की खपत और आयातों का ब्यौरा नीचे दर्शाया गया है:

वित्त वर्ष	**तैयार इस्पात की कुल खपत (नॉन-अलॉय+अलॉय/स्टेनलेस)**			
	खपत (एमटी)	**आयात (एमटी)**	**खपत में आयातों का हिस्सा**	**खपत में घरेलू उत्पादन का हिस्सा**
2020-21	94.89	4.75	5.0%	95.0%
2021-22	105.75	4.67	4.4%	95.6%
2022-23	119.89	6.02	5.0%	95.0%
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); एमटी=मिलियन टन				

(ग) और (घ): सरकार सभी उत्पादों पर सीमा शुल्क के प्रभाव की निगरानी करती है और राष्ट्र के हित में कदम उठाती है।

****